## एसीएनसी क्या करता है?

**एसीएनसी:**

- 'दान-सँस्थाओं' का पंजीकरण करता है (दान-सँस्था के कानूनी अर्थ का उपयोग करके, जो यह है - धर्मार्थ उद्देश्य के लिए एक गैर-लाभ सँस्था, जोकि जनता के लाभ के लिए (निजी लाभ के लिए नहीं) है)
- दान-सँस्थाओं को जानकारी, मार्गदर्शन, सलाह और अन्य सहायता देकर अपने दायित्वों को पूरा करने व समझने में मदद करता है
- ऑस्ट्रेलिया में सभी पंजीकृत दान-सँस्थाओं का एक नि:शुल्क ऑनलाइन खोज रजिस्टर बनाए रखता है
- 'एक बार रिपोर्ट करें, अक्सर उपयोग करें' के स्वरूप का एक रिपोर्टिंग ढांचा विकसित कर रहा है, जिससे कि दान-सँस्थाओं के लिए लालफीताशाही को कम किया जा सके, व इसके लिए राष्ट्रमंडल और राज्य तथा राज्य-क्षेत्रों की सरकारों और एजेंसियों के साथ काम कर रहा है
- दान-सँस्थाओं के बारे में शिकायतों की जाँच करता है, उदाहरण के लिए कथित तौर पर धोखाधड़ी या गंभीर कुप्रबंधन के बारे में चिंताएँ।

## एसीएनसी क्या नहीं करता है?

एसीएनसी ऐसी दान-सँस्थाओं को विनियमित नहीं करता है जो एनएफपी नहीं हैं। इसके अलावा, ऐसी कुछ दान-सँस्थाओं के बारे में भी चिंताएँ उठाई गई हैं जो हमारे दायित्वों के तहत नहीं आती हैं। उदाहरण के लिए, हम आम-तौर पर सबसे गंभीर मामलों के अलावा किसी दान-सँस्था के आंतरिक विवादों की जाँच नहीं करते हैं, जहाँ जनता के भरोसे और विश्वास को खतरा हो।

## और अधिक जानकारी तथा सहायता

आप एसीएनसी के बारे में तथा हम कैसे आपकी दान-सँस्था के साथ काम कर सकते हैं, इसके बारे में कई तरीकों के माध्यम से और अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते/सकती हैं:

- एसीएनसी की वेबसाइट acnc.gov.au पर जाएँ
- 13 ACNC (13 22 62) पर फोन करें
- advice@acnc.gov.au पर ईमेल करें
- परामर्श सेवाएँ, एसीएनसी, जीपीओ बॉक्स 5108, मेलबोर्न वीआईसी 3001 पर पत्र लिखें
- 1300 232 569 पर हमें फैक्स करें।

हमारी वेबसाइट के माध्यम से ईमेल अपडेट्स के लिए साइन-अप करें, या फेसबुक या ट्विटर पर हमें फॉलो करें।

### सामाजिक मीडिया:

| ट्विटर | यूट्यूब | फेसबुक |
|---|---|---|
| acnc_gov_au | acncvideos | acnc.gov.au |

### अनुवाद और दुभाषिया सेवा और राष्ट्रीय रिले सेवा:

NATIONAL RELAY SERVICE

TTY - 13 36 77 पर कॉल करें और फिर 13 22 62 के लिए निवेदन करें

स्पीक एंड लिसन - 1300 555 727 पर कॉल करें और फिर 13 22 62 के लिए निवेदन करें

Interpreter

टीआईएस - 13 14 50 पर कॉल करें और फिर दुभाषिए से 13 22 62 पर कॉल करने के लिए निवेदन करें

Australian Government

Australian Charities and Not-for-profits Commission



# क्या आप एक गैर-लाभ सँस्था चलाते/चलाती हैं?

यह एक पंजीकृत दान-सँस्था हो सकती है

acnc.gov.au

# ऑस्ट्रेलियाई दान और गैर-लाभ सँस्थाएँ आयोग (एसीएनसी) [Australian Charities and Not-for-profits Commission (ACNC)] ऑस्ट्रेलिया का स्वतंत्र दान-सँस्था नियामक है। अधिकांश गैर-लाभ सँस्थाएँ (एनएफपी) दान-सँस्थाएँ नहीं होती हैं, लेकिन यदि आपकी सँस्था एसीएनसी के साथ पंजीकृत है तो वह एक दान-सँस्था हो सकती है।

आपकी एनएफपी एसीएनसी के साथ पंजीकृत हो सकती है, भले ही आप इसके बारे में एक 'दान-सँस्था' के रूप में न सोचें। एसएनसी द्वारा 3 दिसम्बर 2012 को दान-रियायतें शुरू करने से पहले क्या इसे दान कर रियायतें प्राप्त हुई थीं? यदि ऐसा हुआ था, तो ऑस्ट्रेलियाई कराधान कार्यालय (एटीओ) द्वारा इसे एक दान-सँस्था के रूप में मान्यता दी गई थी (अनुमोदित किया गया था) और इसे स्वत: ही हमारे साथ पंजीकृत कर दिया गया था।

## क्या आपकी एनएफपी एक पंजीकृत दान-सँस्था है?

> ! एसीएनसी के रजिस्टर acnc.gov.au/findacharity पर नाम या ऑस्ट्रेलियाई व्यवसाय सँख्या (एबीएन) [Australian Business Number (ABN)] के माध्यम से अपने एनएफपी की खोज करें।

यदि आपकी एनएफपी एसीएनसी रजिस्टर में दिखाई देती है, तो यह एक 'पंजीकृत दान-सँस्था' है। यदि यह इसमें दिखाई नहीं देती है और आपको ऐसा लगता है कि ऐसा होना चाहिए, तो कृपया हमसे संपर्क करें।

यदि यह पंजीकृत नहीं है, तो आप इसे पंजीकृत कराने के लिए आवेदन करने का निर्णय ले सकते/सकती हैं। पंजीकरण करवाने के लाभ हैं (जिनमें राष्ट्रमंडल दान-सँस्था कर रियायतें शामिल हैं), लेकिन यह स्वैच्छिक है।

## पंजीकृत दान-सँस्थाओं को क्या करना होगा?

### विवरण की जाँच करें

सबसे पहले इस बात की जाँच करें कि क्या एसीएनसी के पास आपकी दान-सँस्था का मौजूदा संपर्क ईमेल पता उपलब्ध है, जिसका प्रयोग औपचारिक दस्तावेजों को भेजने के लिए आपके पते के रूप में किया जाएगा, जब तक कि आप हमें अन्यथा न बताएँ।

### एक वार्षिक सूचना बयान प्रस्तुत करके हमें रिपोर्ट करें

प्रत्येक वर्ष पंजीकृत दान-सँस्थाओं को अपनी समीक्षाधीन अवधि के अंत के छह महीनों के अंदर एसीएनसी के पास एक वार्षिक सूचना बयान प्रस्तुत करना होता है।

यह जानने के लिए कि आपको इसे कब प्रस्तुत करना चाहिए, अपनी दान-सँस्था की समीक्षाधीन अवधि की जाँच करें। यदि यह 1 जुलाई से 30 जून नहीं है, तो आपको हमें बताने की आवश्यकता होगी।

वार्षिक सूचना बयान आपकी दान-सँस्था से यह पूछता है कि इसने पिछले वित्तीय वर्ष में क्या किया था व इसके कार्य ने समुदाय की मदद कैसे की थी। यह वित्तीय जानकारी भी पूछता है। आपको कितनी जानकारी प्रदान करने की ज़रूरत होती है, यह आपकी दान-सँस्था के परिमाण पर निर्भर करता है।

### एसीएनसी रजिस्टर को समझें

एसीएनसी रजिस्टर एसीएनसी के साथ पंजीकृत सभी दान-सँस्थाओं का सार्वजनिक रूप से खोजा जा सकने वाला एक नि:शुल्क ऑनलाइन डेटाबेस है। यदि आपकी दान-सँस्था रजिस्टर में है, तो जनता के सदस्य (जिसमें संभावित दानकर्ता और स्वयंसेवक शामिल हैं) आपकी दान-सँस्था के बारे में सामान्य जानकारी प्राप्त कर सकते हैं, जैसेकि इसका धर्मार्थ उद्देश्य क्या है, यह किसे लाभान्वित करती है, और इसे कहाँ संचालित किया जाता है ।

एसीएनसी रजिस्टर में दान-सँस्थाओं के वार्षिक सूचना बयानों तथा प्रशासक दस्तावेजों और वार्षिक रिपोर्टों जैसे अन्य दस्तावेजों में उपलब्ध जानकारी भी शामिल होती है। आप अपनी दान-सँस्था के विषय में कुछ जानकारी प्रकट न किए जाने के लिए आवेदन कर सकते/सकती हैं।

### दान-सँस्था में परिवर्तन के बारे में एसीएनसी को सूचित करें

जब आपकी दान-सँस्था पंजीकृत हो, तो आपको अपनी दान-सँस्था के प्रमुख विवरणों में किसी परिवर्तन के बारे में एसीएनसी को एक निश्चित समय के अंदर बताना होगा (जैसे इसके नाम या इसके प्रशासनकर्ताओं के नाम में परिवर्तन)। आप एसीएनसी के दान-सँस्था पोर्टल charity.acnc.gov.au के माध्यम से अपनी दान-सँस्था के विवरण को ऑनलाइन अद्यतन कर सकते/सकती हैं।

### पंजीकृत होने के लिए पात्रता बनाए रखें

आपको निम्नलिखित कार्यों के माध्यम से यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आपकी दान-सँस्था एसीएनसी के साथ पंजीकृत होने के लिए अधिकृत रहे:

- यह एक गैर-लाभ सँस्था बनी रहे
- जनता के लाभ के लिए इसका एक धर्मार्थ उद्देश्य बना रहे
- यह प्रशासन के मानकों को पूरा करती रहे, और
- यह आतंकवादी या अन्य आपराधिक गतिविधियों में शामिल न हो।

> › acnc.gov.au पर 'अपनी दान-सँस्था का प्रबंधन करें' ('Manage my charity') के तहत पंजीकृत दान-सँस्थाओं के जारी दायित्वों के बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त करें।

## अन्य नियामकों के प्रति दायित्व

दान-सँस्थाओं के लिए अन्य नियामकों और एजेंसियों के प्रति दायित्व हो सकते हैं, जैसेकि राज्य और राज्य-क्षेत्र निगमित संगठन नियामक। एसीएनसी रिपोर्टिंग को सरल बनाने और लालफीताशाही को कम करने के लिए कार्यरत है, उदाहरण के लिए अन्य एजेंसियों को प्रस्तुत की गई कुछ रिपोर्टों को स्वीकार करके।

> › हमारे काम के विषय में और अधिक जानकारी, acnc.gov.au पर 'एसीएनसी के बारे में' ('About ACNC') के तहत 'लालफीताशाही में कमी' ' ('Red tape reduction') पर प्राप्त करें

## एसीएनसी नियामक दृष्टिकोण

एसीएनसी यह समझता है कि दान-सँस्थाओं में शामिल ज़्यादातर लोग ईमानदार होते हैं और सही काम करने की कोशिश कर रहे हैं और हमारा दृष्टिकोण शिक्षा और समर्थन पर जोर देने के साथ शुरू होता है।

हम शीघ्रता और प्रबलता के साथ कार्य करेंगे जब, उदाहरण के लिए, गंभीर कुप्रबंधन, गंभीर अनियमितताओं या एसीएनसी अधिनियम के गंभीर उल्लंघनों के प्रमाण उपस्थित हों।